Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Munshiram Shri

>

Title : Need to establish the proposed plant of Hindustan Paper Corporation in Bijnor, Uttar Pradesh.

**श्री मुंशी राम (बिजनौर)** : महोदय, इन पेपर इंटरनेशनल मैग्जीन के अप्रैल-जून, 2006 के अंक में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि हिन्दुस्तार पेपर कारपोरेशन उत्तर प्रदेश में 3 लाख टन प्रतिर्वा क्षमता का ग्रीनवुड पेपर प्लांट लगाने जा रहा है। इसकी अनुमानित लागत लगभग 2400 करोड़ रूपये है। इसी विाय में माननीय भारी उद्योग मंत्री ने 27 जुलाई, 2006 को सभा पटल पर एक समझौता रखा जो कि हिन्दुस्तान पेपर कापोरेशन लिमिटेड तथा भारी उद्योग विभाग के बीच वर्ा 2006-07 के लिए है। इस प्रोजेक्ट के लिए भारी मात्रा में कच्चे माल के रूप में लकड़ी एवं लकड़ी के विकल्प के रूप में बेगास की जरूरत पड़ती है। इसके लिए या तो वनों को काटना होगा जिससे पर्यावरण को नुकसान होगा या विदेशों से पल्प आयात करना पड़ेगा जिसके लिए भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होगी। पानी की खपत भी 125 किलोलीटर प्रतिटन दर्शायी गयी है। बेगास पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा पेपर मिल टी.एन.पी.एल तमिलनाडु में सफलतापूर्वक काम कर रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र बिजनौर में 10 चीनी मिल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगभग 30 चीनी मिलें हैं। पानी भी काफी मात्रा में उपलबध है। कच्चे माल के रूप में बेगास भी लगभग 20 लाख टन प्रति वर्ा उपलब्ध है। मेरा लोक सभा क्षेत्र जम्मूतवी-हावड़ा मेन लाइन पर स्थित है। क्षेत्र में काफी बेरोजगारी है। अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि इस उद्योग को मेरे लोकसभा क्षेत्र बिजनौर में स्थापित किया जाये।